26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शनिवार, 24 जनवरी, 2026

अंक- 92 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 12+16


# ट्रम्प बोले- चीन एक साल में कनाडा को खा जाएगा

## हमारे बजाए उनसे बिजनेस कर रहा

**वॉशिंगटन (एजेंसी/चिंगारी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि चीन, कनाडा को एक साल के अंदर ही खा जाएगा। दरअसल, कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ट्रम्प के 'गोल्डन डोम' मिसाइल प्रोजेक्ट का विरोध कर रहे हैं। ट्रम्प इससे नाराज हो गए हैं। उन्होंने कहा कि कनाडा हमारे बजाए चीन से दोस्ती बढ़ा रहा, जो उन्हें पहले ही साल में बर्बाद कर देगा। कनाडा पर आरोप लगाते हुए ट्रम्प ने कहा कि वह उत्तर अमेरिका की सुरक्षा के लिए खतरा है। कनाडाई प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने 13 जनवरी से 17 जनवरी तक चीन की यात्रा की और वहां व्यापार समझौते किए। रिपोर्ट्स के मुताबिक ट्रम्प इससे नाराज बताए जा रहे हैं। करीब एक साल पहले कार्नी खुद चीन को कनाडा के सामने सबसे बड़ा सुरक्षा खतरा बता चुके थे। लेकिन एक साल बाद हालात बदल चुके हैं। चीन दौरे पर उन्होंने कई अहम करार किए हैं। इसमें कनाडा, चीन की



इलेक्ट्रिक गाड़ियों पर लगाए गए टैरिफ को कम करेगा। कनाडा ने 2024 में अमेरिका के साथ मिलकर चीनी गाड़ियों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाया था। अब नए समझौते के तहत इस टैरिफ को घटाकर 6.1 प्रतिशत किया जा रहा है। हालांकि यह हर साल 49 हजार इलेक्ट्रिक गाड़ियों पर लागू होगा। 5 साल में इसे बढ़ाकर 70 हजार तक किया जा सकता है।






# अविमुक्तेश्वरानंद की रात में रेकी करते दिखे संदिग्ध

## माघ मेले में शिष्यों ने बढ़ाई सुरक्षा, लगाए सीसीटीवी

**प्रयागराज (एजेंसी/चिंगारी)।** प्रयागराज माघ मेले में शंकराचार्य की सुरक्षा में कोई चूक न हो, इसके लिए शिष्यों ने कई सीसीटीवी कैमरे लगा दिए हैं। शिष्यों ने दावा किया है कि कई संदिग्ध लोग रात के अंधेरे में देखे गये हैं, जो कि रेकी करते हुए नजर आए हैं। इसलिए सुरक्षा के दृष्टिकोण से 10 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए



हैं। शिष्यों का कहना है कि प्रशासन की तरफ से रात के अंधेरे में आकर नोटिस चस्पा कर दिया जाता है। जिसके चलते कैमरे से सभी आने-जाने वालों पर निगरानी रखी जा रही है। सादी वर्दी में कई एलआईयू कर्मी (प्रदेश की खुफिया एजेंसी) व केंद्र की एजेंसियां निगरानी कर रही हैं। ऐसे में कौन आ व जा रहा है। इस पर निगरानी रखना जरूरी हो गया है। क्योंकि प्रशासन कब क्या कर दे? क्या रखवाकर फंसाने का काम कर दे, कुछ कहा नहीं जा सकता है। इसी दृष्टिकोण से कैमरे लगाए गए हैं। बता दें कि प्रयागराज माघ मेले में मौनी अमावस्या पर संगम में स्नान के लिए जाने के दौरान अविमुक्तेश्वरानंद के शिष्यों से पुलिस की बहस हो गई थी।

## धर्म में राजनीति का बढ़ता हस्तक्षेप सही नहीं- मायावती

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** माघ मेला में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद विवाद की ओर इशारा करते हुये बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने कहा कि धर्म,पर्व आदि में राजनीतिक लोगों को बढ़ता हस्तक्षेप सही नहीं है और इसे लेकर आमजन में दुख और चिंता लाजिमी है। सुश्री मायावती ने शनिवार को कहा कि राजनीतिक स्वार्थ के लिये धर्म को राजनीति और राजनीति को धर्म से जोड़ने का खतरा हमेशा से बना रहा है जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण माघ मेला में स्नान को लेकर उपजा विवाद है जिसमें एक दूसरे का अनादर और आरोप प्रत्यारोप लगाये जा रहे हैं। देश का संविधान और कानून जनहित के कार्य को ही राष्ट्रीय धर्म मानता है और धर्म को राजनीति से दूर रहने की नसीहत देता है ताकि जनप्रतिनिधि अपने कर्तव्य का सही ढंग से इस्तेमाल कर सकें।

# अपनी कहानी खुद बयां करता है हर शहर

## गजेटियर एक महत्वपूर्ण दस्तावेज

**मुरादाबाद (चिंगारी)।** उदीषा : चौपाला साहित्योत्सव के अंतर्गत शुक्रवार को 'शहर देखना और पढ़ना (गजेटियर से किताबों तक)' शीर्षक से एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयं आयुक्त मुरादाबाद मण्डल आन्जनेय कुमार सिंह तथा प्रसिद्ध लेखक राहुल नील ने विषय पर सारगर्भित चर्चा की।




एंकर अंजुम शर्मा के प्रश्नों का उत्तर देते हुए दोनों वक्ताओं ने शहर को अपने-अपने ढंग से परिभाषित किया। आयुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने गजेटियर को




महत्वपूर्ण दस्तावेज बताते हुए उसके प्रकाशन की प्रक्रिया को विस्तारपूर्वक समझाया। साथ ही उन्होंने मुरादाबाद कमिश्नरी में स्थित ऐतिहासिक व पौराणिक महत्व के स्थलों, मेलों, पर्वों आदि की चर्चा की। उन्होंने कहा कि इतिहास तथ्यों एवं कथ्य के आधार पर बनता है। आज जो भी हो रहा है, उसे इतिहास में दर्ज करना हम सबकी जिम्मेदारी है।

राहुल नील ने बिजनौर जनपद के इतिहास और भौगोलिक स्थिति की चर्चा करते हुए बताया कि बिजनौर से अनेक ऐसे पौराणिक प्रसंग जुड़े हुए हैं, जिन पर अभी शोध होना बाकी है। उन्होंने बताया कि बिजनौर जनपद में 10 पदम अवार्डी हुए हैं तथा सुप्रसिद्ध पत्रकार बाबूसिंह चौहान को सोवियत लैंड नेहरू अवार्ड मिल चुका है।

इस सत्र के दौरान अंजुम शर्मा ने मंडल आयुक्त एवं राहुल नील से कई तीखे सवाल किये, जिनका दोनों विभूतियों ने सार्थक जवाब दिया। लगभग एक घंटा चले इस सत्र में भारी संख्या में श्रोताओं ने भाग लिया।

# सांस्कृतिक प्रदूषण से समाज में बढ़ रहा अलगाव

**मुरादाबाद (चिंगारी)।** मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह के मार्गदर्शन में महानगर के गांधी मैदान में उदीषा-चौपाला साहित्योत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत साहित्य, कला और





संगीत के अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। कार्यक्रम के दूसरे दिन कई महत्वपूर्ण सत्र आयोजित किये गये। जोन एलिया सभागार में 'सांस्कृतिक प्रदूषण: समस्या और समाधान' विषय पर हुए सत्र का संयोजन एवं संचालन हिंदी के लब्ध प्रतिष्ठित साहित्यकार और साहित्यभूषण सम्मान से विभूषित हिंदी के आचार्य डा. महेश दिवाकर ने किया। इस सत्र में सांध्य दैनिक चिंगारी बिजनौर के संपादक सूर्यमणि रघुवंशी, श्री सुधीर गुप्ता वरिष्ठ अधिवक्ता मुरादाबाद, कैप्टन डा.राजीव चौहान और डा. मीनाक्षी ठाकुर ने मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार साझा किये। जिला प्रशासन मुरादाबाद की ओर से सिटी मजिस्ट्रेट श्री विनय पान्डे ने चारों अतिथि वक्ताओं का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। संचालक एवं प्रवर्तक डा.महेश दिवाकर ने अपना बीज वक्तव्य देकर सांस्कृतिक प्रदूषण का परिचय देते हुए इस विषय की महत्ता पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात कैप्टन डा. राजीव कुमार ने अपने वक्तव्य में संस्कृति को परिभाषित करते हुए विविध प्रकार के सांस्कृतिक प्रदूषण पर प्रकाश डालते हुए जागरूकता पर बल दिया।

एडवोकेट सुधीर गुप्ता ने कहा कि समाज की परम्पराएं, मूल्य, भाषा, कला, रीति-रिवाज और पहचान नकारात्मक प्रभावों के कारण कमजोर या लुप्त होने लगी है। पत्रकार सूर्यमणि रघुवंशी ने राजनीतिक विद्रूपता और बढ़ते बाजारवाद को सांस्कृतिक प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण बताया। उन्होंने कहा कि राजनीति में धर्म और धर्म में राजनीति के घालमेल से भी सांस्कृतिक प्रदूषण बढ़ा है। डा. मीनाक्षी ठाकुर ने बच्चों में संस्कारों की कमी को सांस्कृतिक प्रदूषण का कारण बताया।

इस अवसर पर नगर निगम मुरादाबाद के अपर आयुक्त श्री आशुतोष राय ने अतिथि वक्ताओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह, उपायुक्त गजेंद्र प्रताप सिंह, अपर नगरायुक्त अतुल कुमार सिंह, डा. प्रेमवती उपाध्याय, डा. माधव शर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक देवेन्द्र कुमार पांडेय, डा. मधुबाला त्यागी, वरिष्ठ पत्रकार सुशील कुमार शर्मा, शमीम अहमद, जिला सूचना अधिकारी सुमित भारती आदि मौजूद रहे।

# प्रेस क्लब की बैठक में प्रदीप चौहान व हसन अली चौधरी का अभिनंदन



**किरतपुर (चिंगारी)।** प्रेस क्लब किरतपुर की मासिक संरक्षक प्रदीप चौहान के प्रतिष्ठान पर शुक्रवार की शाम सम्पन्न हुई, जिसमें श्री प्रदीप कुमार चौहान के हिन्दू इटर कालेज के उपप्रबंधक पद पर लगातार तीसरी बार निर्विरोध बनने पर व क्लब के महामंत्री हसन अली चौधरी एडवोकेट के समाजवादी पार्टी का नगर अध्यक्ष चुने जाने पर स्वागत व अभिनन्दन किया गया। बैठक में नगर में, कुछ पत्रकारों के गलत कार्यों के कारण गिरते हुए स्तर पर चिंता व्यक्त की गयी तथा क्लब के सदस्यों एवं सभी पत्रकारों का आह्वान किया गया कि समाज में पत्रकारों की गरिमा को कायम रखें। इस मौके पर संरक्षक दिलशाद अल्वी, संरक्षक मास्टर सुधीर कुमार, अध्यक्ष ऋतुज शर्मा, गौतम कुमार,मनोज कुमार, ज्ञानेंद्र कुमार,ललित मेहरा, वेदव्रतआदि उपस्थित रहे।

# जिलाध्यक्ष सहित समाजवादी पार्टी की जिला कार्यकारिणी भंग

**बिजनौर (चिंगारी)।** समाजवादी पार्टी हाईकमान ने जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन सहित बिजनौर जिला कार्यकारिणी को ततकाल प्रभाव से भंग कर दिया है। पार्टी के इस फैसले से एक ओर जहां जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन के विरोधियों में खुशी की लहर दौड़ गई, वहीं जिलाध्यक्ष समर्थकों में मायूसी छा गई। सपा हाईकमान का कहना है कि यह कार्रवाई संगठन को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से की गयी है, लेकिन सच्चाई यह है कि पिछले कुछ दिनों से विरोधी धड़ा हाईकमान से जिलाध्यक्ष की लगातार शिकायतें कर रहा था। दरअसल, समाजवादी पार्टी में कई धड़े हैं, जो एक-दूसरे की मुखालफत करते रहते हैं। शेख जाकिर हुसैन एकदम नया चेहरा थे, जिन्हें सपा की जिले की कमान सौंपी गई है। जाकिर हुसैन ने पार्टी संगठन को मजबूत बनाने के लिये काफी मेहनत की। लेकिन वे पार्टी के भीतर गुटबाजी को समाप्त करने में विफल रहे।

# शिक्षकों ने जूते पहनकर नेताजी को श्रद्धांजलि अर्पित की

## तस्वीर वायरल होने से हड़कम्प मचा

**नहटौर (चिंगारी)।** महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को 'पराक्रम दिवस' के रूप में मनाकर देशवासी उनकी शहादत को नमन कर रहे है, वहीं नहटौर क्षेत्र के कुछ परिषदीय विद्यालयों में बच्चों को संस्कार सिखाने वाले शिक्षक खुद शिष्टाचार भूल गये। उन्होंने जूते पहनकर ही नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। शुक्रवार को नहटौर में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती कार्यक्रम से जुड़ी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुई। नहटौर के कुछ परिषदीय स्कूलों की तस्वीरों में शिक्षक जूते पहने हुए श्रद्धांजलि अर्पित करते दिख रहे हैं। तस्वीर वायरल होने पर लोगों ने इस पर आपत्ति जताते हुए इसे महापुरुषों के प्रति असम्मानजनक बताया है। सार्वजनिक कार्यक्रमों में,



विशेषकर जब महापुरुषों को श्रद्धांजलि दी जा रही हो, तो शिष्टाचार और परंपराओं का ध्यान रखना महत्वपूर्ण है। उनका कहना है कि इस तरह की घटनाओं से गलत संदेश जा सकता है। लोगों ने मामले में विभागीय अधिकारियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों से मांग की है कि ऐसे कार्यक्रमों के आयोजक और उसमें शामिल होने वाले शिक्षकों के आचरण को लेकर कार्रवाई की जाये।

शिक्षकों ने जूते पहनकर नेताजी को श्रद्धांजलि अर्पित की ( पेज 10 )



# श्रीराम मंदिर की वर्षगांठ पर व्यापारियों ने धूमधाम से निकाली पालकी यात्रा



पालकी यात्रा का फीता काटकर शुभारंभ करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष रवि चौधरी।

**धामपुर ( चिंगारी )। श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में नवनिर्मित श्रीराम मंदिर की द्वितीय वर्षगांठ के उपलक्ष्य में बड़ी मंडी के व्यापारियों की ओर से श्रीराम लला पालकी यात्रा निकाली गई।**

पालकी यात्रा में जहां एक सुसज्जित घोड़ा बग्गी पर अयोध्या में वर्तमान में विराजमान भगवान श्रीराम के बाल स्वरूप की झांकी आकर्षण का केंद्र बनी रही वहीं भक्तों ने विभिन्न भजनों की प्रस्तुति दी।

बड़ी मंडी स्थित राजगढ़ वालों की धर्मशाला में आयोजित सामूहिक पूजन कार्यक्रम संपादित करने के बाद भगवान राम की सामूहिक स्तुति तथा हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।

कार्यक्रम में शामिल नगर पालिका अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह ने सामूहिक पूजन में सहभागिता के साथ ही नारियल भंजन करके और फीता काटकर पालकी यात्रा का शुभारंभ किया। पालिकाध्यक्ष को भगवान राम का चित्र भेंट करके सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर पूर्व पालिकाध्यक्ष राजू गुप्ता व भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री पुरुषोत्तम अग्रवाल सहित पंकज वर्मा, दिनेश चंद्र अग्रवाल नवीन, पीयूष अग्रवाल, विजय प्रकाश वर्मा, मनोज कुमार गोयल पप्पी, सुमित माहेश्वरी, अशोक कुमार अग्रवाल होंडा, हरिश्चंद्र सैनी कैटर्स ,समाजसेवी वीरेंद्र रस्तोगी ,सुभाष कुमार शर्मा आदि को राम नाम अंकित पटके पहना कर सम्मान प्रदान किया गया। सभी अतिथियों को आचार्य पंडित अर्पित शर्मा तथा डॉक्टर पारस अग्रवाल ने तिलक किया।

महंत राहुल अग्रवाल, अध्यक्ष अजय कुमार अग्रवाल पिंटू, विपुल जैन, नवनीत धनोरिया, मनोज धनोरिया, डॉ. दिनेश चंद्र भारद्वाज, अरुण कुमार अग्रवाल, सुनील कुमार, मनोज रस्तोगी के निर्देशन में राम प्रकाश वर्मा, प्रीतम सिंह सैनी, मनोज रस्तोगी, संदीप भारद्वाज, दिनेश राणा, प्रवेश मिश्रा, सत्येंद्र शर्मा, गौरव भारद्वाज, नंदकिशोर रस्तोगी, विजय कुमार शर्मा,दीपक वर्मा ने भजनों की प्रस्तुति दी। पालकी यात्रा में राजकुमार धनोरिया, सचिन सिंघल, निखिल जैन, राजीव धनोरिया, विजय कुमार जैन, मोहित आर्य, विकास अग्रवाल, रवि कुमार अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, राघव अग्रवाल, सोमिल जैन, संयम जैन, संजय अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, दिव्यांशु चौहान, अनमोल अग्रवाल, अंकुश सिंघल, नीतीश सिंगल, निशु, राकेश अग्र्रवाल, परमेश्वर अग्रवाल, महेश अग्रवाल, संजय अग्रवाल, मुनिया, संजय कुमार जैन आदि अनेक व्यापारी शामिल रहे।

## आदर्श होली हवन समिति ने बसंत पूजन कराया, हलवे का प्रसाद बंटवाया

**धामपुर ( चिंगारी )।** आदर्श होली हवन समिति ने शुक्रवार को बसंत पंचमी के पर्व पर मोहल्ला गुजरातियान चौराहे पर बसंत पूजन कराया और इसके पश्चात पूरे नगर में हलवे का प्रसाद वितरित किया गया। मोहल्ला गुजरातियान स्थित चौराहे पर आदर्श होली हवन समिति के अध्यक्ष देवेंद्र भटनागर, महामंत्री संजय शर्मा, कोषाध्यक्ष अंकित सैनी, नगर पालिका अध्यक्ष रवि कुमार सिंह,संदीप शर्मा, नवचेतन शर्मा, विभूति कांत शर्मा, संयम जैन ने वैदिक विधि विधान से बसंत पंचमी का पूजन कराया। पूजन कार्यक्रम पंडित लव बंधु वशिष्ठ ने संपन्न कराया। इसके पश्चात नगर में राधा कृष्ण मंदिर खारी कुआं भगत सिंह चौक मार्केट, फल चौक बड़ी मंडी जैतरा फाटक तक हलवे का प्रसाद मिश्रित किया गया।

## सूचना

मेरी यूपी बोर्ड हाईस्कूल वर्ष 2013 अनुक्रमांक 0893145 की अंक तालिका सह प्रमाण पत्र एवं पासपोर्ट (संख्या M7210 911) वास्तव में खो गये हैं। जो काफी ढूंढने पर भी नहीं मिले हैं यदि किसी सज्जन को मिलते हैं, तो वह मुझे वापस कर दे।

**–मौहम्मद तालिब अहमद पुत्र फ़हमीद अहमद आयु 29 वर्ष, मोहल्ला अफ़ग़ानान नहटौर थाना नहटौर ज़िला बिजनौर यूपी**

## नाम परिवर्तन सूचना

**मेरा विवाह से पूर्व नाम इरफाना परवीन था।विवाह उपरांत मैंने अपना नाम इरफाना मुशर्रफ़ कर लिया है। मुझे इरफाना मुशर्रफ़ के नाम से ही जाना पहचाना जाये।**

**–इरफाना मुशर्रफ़ पत्नी मुशर्रफ़ हुसैन निवासी मोहल्ला ठाकुरान, कस्बा बढ़ापुर जनपद बिजनौर उ.प्र. पिन 246724**

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

Hero
हीरो लाया है साल की शुरुआत में शानदार ऑफर
Hero
फाइनेंस सुविधा भी उपलब्ध है !



MEVRICK 440 पर पायें 50,000 रुपये का कैश डिस्काउंट
आकर्षक उपहार



XTREME 160 पर पायें 10,000 रुपये का कैश डिस्काउंट
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9457937407

**भली** लगे
या **बुरी** ...

## 'आधी आबादी' की उपलब्धियां

महिलाएं लगातार आगे बढ़ कर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध कर रही हैं। हर क्षेत्र में आज आधी आबादी की उपलब्धियां बेमिसाल हैं। यहां तक कि बैंकिंग पर कुछ दशक पहले पुरुष एकाधिकार था, वहां भी अब महिलाओं की उपलब्धियां प्रभावित करती हैं। करीब चार दशक पहले 1975 में मैक्सिको में संयुक्त राष्ट्र के तत्वावधान में वूमेंस वर्ल्ड बैंकिंग के जिस विचार ने जन्म लिया था, लगता है, अब वह भारत में साकार होने को है। देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक के मुखिया का पद एक महिला अरुंधति भट्टाचार्य ने संभाल चुकी हैं, तो उधर पूर्णतया महिला बैंक काम करना शुरू कर चुके हैं। यह स्थिति देश के बैंकिंग क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव की उम्मीद जगाती है। कभी पूर्व, वित्तमंत्री पी. चिदंबरम ने घोषणा की थी कि एक हजार करोड़ की व्यवस्था के साथ हमारे देश में भी पहला ऑल वूमेन बैंक खोला जाएगा। वैसे बैंकिंग में मौजूदा समय में शीर्ष पदों पर महिलाओं की जो उपस्थिति है, वह उनको गृहलक्ष्मी कहने के भारतीय संदर्भ को ही चरितार्थ करती है। भारतीय स्टेट बैंक के अलावा कई अन्य बैंकों के शीर्ष पदों पर भी महिलाएं विराजमान रही है। जैसे आईसीआईसीआई बैंक में चंदा कोचर तो इलाहाबाद बैंक में शुभलक्ष्मी पानसे, एक्सिस में शिखा शर्मा और यूनाइटेट बैंक ऑफ इंडिया में अर्चना भार्गव महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा चुकी हैं। बैंक ऑफ इंडिया में विजयलक्ष्मी अय्यर के साथ विदेशी बैंकों की भारतीय शाखाओं के प्रमुख के पद पर भी महिलाएं रही हैं।

इससे दो चीजें बिल्कुल साफ हो गई हैं। पहली कि हिसाब-किताब में महिलाओं को कमजोर कहकर उन्हें रुपये-पैसे से दूर रखने की जो परिपाटी देश में सदियों से कायम रही है, वह सिरे से गलत साबित हुई है। दूसरे, महिलाएं घर की मुखिया के रूप में परिवार का संचालन नहीं कर सकती हैं, यह मिथक भी पूरी तरह टूट चुका है। सरकार ने जिस तरह पूर्णतया महिला बैंक बनाने की पहल की है, उससे प्रतीत हुआ है कि सरकार का ध्यान महिलाओं से जुड़े उस पहलू की तरफ गया है जिसकी वजह से सदियों से देश के पितृसत्तात्मक समाज में उनकी स्थिति सबसे कमजोर, बल्कि दीन-हीन याचक जैसी बनी हुई है। पर क्या इन तब्दीलियों और कोशिशों को सार्थक बदलाव माना जाए।

# आज़ादी के 'सरफ़रोश'

**भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में कई ऐसे नायक हुए हैं, जिन्होंने आज़ादी की लड़ाई में सिर्फ अपना बलिदान ही नहीं, अपनी क़लम को भी धार दी। जिनका सिर्फ लिखा ही नहीं, बोला गया हर शब्द ऐसे प्रतीक बनकर उभरे, जो आज भी बरबस ही जुबान पर उभर आते हैं। ऐसे ही महान क्रांतिकारी थे, पंडित रामप्रसाद बिस्मिला। एक साधारण परिवार से निकलकर आज़ादी के मतवाले युवाओं को दिशा देने के लिए नये संगठन की स्थापना से लेकर अपनी लिखी किताबों को बेचकर हथियार खरीदने और काकोरी में ऐतिहासिक घटना को अंजाम देने के साथ फांसी के फंदे को गले लगाने तक, कई ऐसे मील के पत्थर हैं, जिनके लिए आज भी देश है उनका ऋणी....**



शहीद रामप्रसाद बिस्मिल

जन्म : 11 जून 1897, 7 मृत्यु :19 दिसंबर 1927

उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में 11 जून, 1897 को मुरलीधर व मूलमती के पुत्र के रूप में रामप्रसाद बिस्मिल का जन्म हुआ। कहा जाता है कि मुरैना का बरवाई उनका पैतृक गांव है। बालक की जन्म-कुंडली व दोनों हाथ की दसों उंगलियों में चक्र के निशान देखकर एक ज्योतिषी ने भविष्यवाणी की थी कि यदि इस बालक का जीवन किसी प्रकार बचा रहा, जिसकी संभावना बहुत कम है, तो इसे चक्रवर्ती सम्राट बनने से दुनिया की कोई भी ताकत नहीं रोक पाएगी। मां भगवान राम जैसा बेटा चाहती थीं, सो नाम रखा गया रामप्रसाद। प्रारंभिक शिक्षा घर पर हुई। 9वीं में रामप्रसाद आर्य समाज के संपर्क में आए। स्वामी दयानंद सरस्वती के विचारों ने उनके मन पर गहरा प्रभाव छोड़ा।

किशोरावस्था से ही उन्होंने भारतीयों के प्रति ब्रिटिश सरकार के क्रूर रवैये को देखा था। इससे आहत बिस्मिल का कम उम्र से ही क्रांतिकारियों की तरफ झुकाव होने लगा। उन्होंने उर्दू में बिस्मिल उपनाम अपनाया, जिसका हिंदी में अर्थ होता है आत्मिक रूप से आहत। बिस्मिल ने बंगाली क्रांतिकारी शचीन्द्रनाथ सान्याल और जादूगोपाल मुखर्जी के साथ मिलकर, हिंदुस्तान रिपब्लिक एसोसिएशन की स्थापना की। एचआरए के लिए बिस्मिल अपनी देशभक्त मां मूलमती से पैसे उधार लेकर किताबें लिखते व प्रकाशित करते थे। 'देशवासियों के नाम', 'स्वदेशी रंग', 'मन की लहर' और 'स्वाधीनता की देवी' जैसी किताबें इसका उदाहरण हैं। इन किताबों की बिक्री से उन्हें जो भी पैसे मिलते उससे वह पार्टी के लिए हथियार खरीदते थे। उन्होंने 'बिस्मिल', 'राम' और 'अज्ञात' नाम से रचनाएं लिखीं। चंद्रशेखर आजाद और भगत सिंह जैसे नवयुवकों को हिंदुस्तान रिपब्लिक एसोसिएशन से जोड़ने वाले बिस्मिल ही थे। यही बाद में हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिक एसोसिएशन बना। 1918 के मैनपुरी षडयंत्र में भी बिस्मिल का नाम सामने आया। कहा जाता है कि इस संघर्ष में 50 अंग्रेज सैनिकों को मार गिराया गया था। बिस्मिल की कहानी अशफाक उल्ला खां के जिक्र के बिना अधूरी है। बिस्मिल ने अपनी आत्मकथा में एक पूरा अध्याय अपने परम मित्र अशफाक को समर्पित किया है। बिस्मिल मशहूर काकोरी कांड के मुख्य योजनाकार थे। दोनों ने साथ मिलकर 1925 में काकोरी कांड को अंजाम दिया था। उन्हें महसूस हो गया था कि ब्रिटिश सरकार के खिलाफ एक संगठित विद्रोह करने के लिए हथियारों की जरूरत है। ऐसे में अंग्रेज सरकार की संपत्ति को लूटने का निर्णय लिया गया।

अंग्रेजी सरकार इससे अंदर तक हिल गई। घटना के दो माह बाद बिस्मिल समेत दो दर्जन से ज्यादा क्रांतिकारी गिरफ्तार कर लिए गये। मुकदमे का नाटक चला और बिस्मिल, अशफाक और रौशन सिंह समेत राजेंद्रनाथ लाहिड़ी को फांसी की सजा सुनाई गई। लखनऊ सेंट्रल जेल में बिस्मिल ने अपनी आत्मकथा लिखी, जिसे 1928 में पत्रकार गणेश शंकर विद्यार्थी ने प्रकाशित किया। अपने कारावास के समय ही बिस्मिल ने 'मेरा रंग दे बसंती चोला' गीत की रचना भी की, जो क्रांति का प्रतीक बनकर उभरा। 19 दिसंबर, 1927 को गोरखपुर जेल में फांसी के तख्ते पर बिस्मिल से उनकी आखिरी इच्छा पूछी गई तो उन्होंने कहा, अंग्रेजी शासन का सर्वनाश।

# वीभत्स सोच की सार्वजनिक प्रस्तुति पर अंकुश आवश्यक



डा. सुधाकर आशावादी

भारत में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता अपनी हदें पार करने लगी है। जिसे देखो वही स्वयं को सबसे बड़ा उपदेशक सिद्ध करने की फ़िराक़ में रहता है। कोई प्रशासनिक अधिकारी वैवाहिक सम्बंध स्थापित करने के लिए अपने निकम्मे नकारा लड़कों के लिए किसी ख़ास बिरादरी की दुल्हनें लाने के लिए सार्वजनिक रूप से कामना करता है, तो कोई अपनी बिरादरी की कन्याओं की उपेक्षा करके और बिरादरियों से अपेक्षा करता है, कि उन बिरादरियों की कन्याओं का विवाह ऐसे लोगों से कर दिया जाए, जो मानसिक रूप से पिछड़े हैं तथा बिना बैसाखियों के समाज में कंधे से कंधा मिलाकर नहीं चल सकते। हद तो तब हो जाती है, जब मानसिक रोगी सुंदरता को भी बिरादरियों से जोड़ता है तथा नारी सौंदर्य को वासना के लिए आमंत्रित करने वाला दर्शाता है। उस मानसिक विकलांग के लिए कुछ ही बिरादरियों की कन्याओं में खूबसूरती होती है, अधिकांश जातियों में नहीं।

कहने का आशय यह है कि जितने मुंह उतनी बातें। अपने धूर्तता भरे बयानों से समाज का ध्यान आकर्षित करने के फेर में ओछी सियासत के कीड़े अपनी मानसिक विकलांगता का परिचय देने से बाज नहीं आते। ऐसे तत्वों का नाम लिखकर ऐसे तत्वों का महिमा मंडन करना मैं उचित नहीं समझता, क्योंकि यह मामला व्यक्ति का नहीं है, उस सड़ी हुई मानसिकता का है, जो कभी सर्वे भवंतु सुखिन: की भावना को स्वीकार नहीं करती। जिनकी बुद्धि लब्धि का स्तर शून्य से भी कम है, जिनकी सोच इतनी निकृष्ट है कि आत्मीय रिश्तों का उनके जीवन में कोई महत्व नहीं होता। जिस धूर्त जनप्रतिनिधि को सुंदरता उत्तेजित करती है या ख़ास बिरादरियों की लड़कियां आकर्षण का केंद्र लगती हैं। ऐसे धूर्तों का मानसिक और शारीरिक परीक्षण होना चाहिए तथा उसके विचारों को उसकी पार्टी का अधिकारिक वक्तव्य माना जाए या व्यक्तिगत, इस पर उसकी विधाता पार्टी का स्पष्टीकरण आना चाहिए। पार्टी की मीटिंगों में उसके चारित्रिक पहलुओं का भी अध्ययन होना चाहिए। एक ओर तो देश अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने हेतु अग्रसर है। दूसरी ओर अपने ही देश में वीभत्स सोच की सार्वजनिक प्रस्तुति पर कोई अंकुश न होना गंभीर चिंता का विषय है। समय आ गया है कि ऐसी विकृत सोच वाले तत्वों पर अंकुश लगना अनिवार्य है। देश में किसी को भी ऐसे कुत्सित और एक पक्षीय विचार सार्वजनिक रूप से व्यक्त करने का अधिकार नहीं होना चाहिए, जिससे समाज में किसी भी प्रकार विभेद कारी विचारधारा को प्रोत्साहन मिलता हो। (विनायक फीचर्स)



# राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने मनाया कर्त्तव्य बोध दिवस

## अधिकारों के साथ कर्त्तव्यों के प्रति भी सजग रहें- दुष्यंत कुमार

**बिजनौर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बिजनौर द्वारा शुक्रवार को यशपाल आर्य सरस्वती विद्या मंदिर में सुभाषचंद्र बोस व विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में कर्त्तव्य बोध दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के वरिष्ठ शिक्षक नृपेंद्र सिंह ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संपर्क प्रमुख दुष्यंत कुमार ने अपने विचार प्रस्तुत किये।

कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों में कर्त्तव्य, नैतिकता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करना रहा। इस अवसर पर मुख्य वक्ता दुष्यंत कुमार ने राष्ट्र निर्माण में शिक्षा की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि कर्तव्य बोध व्यक्ति को नैतिक रूप से सशक्त बनाता है और समाज के प्रति उत्तरदायी नागरिक बनने की प्रेरणा देता है। मंच का संचालन कर रहे मंडल मंत्री रितेश भटनागर ने संगठन का परिचय देते हुए कहा



कि शिक्षकों को अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्त्तव्यों के प्रति भी सजग रहना चाहिए। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष दिग्विजय सिंह, जिला महामंत्री अमर सिंह, रामस्वरूप, पंकज बिश्नोई, जयदीप मलिक, शैली शर्मा, ऋचा, अरुण कुमार, डा.सुमित बंसल, रोशन लाल, रूपेश राजपूत, कामेश्वरी राजपूत, अभयवीर, मेघा गर्ग, गौरव कुमार, आरेन्द्र कुमार, नकुल, राजीव, सीमा, आसमा सचदेवा, दुर्गेश रानी, मधुबाला, विष्णु कुमार, विपिन, रूपाली, नीरज, अंकुर, प्रतीक वशिष्ठ, जयपाल, शशांक, अनिल कुमार, ललिता चौहान, अनीता रानी, अलका देवी, नीतू चौधरी, बृजबाला, सूची शर्मा, राघवेंद्र भारद्वाज, कमल नारायण सिंह,आकाश कुमार, कुलश्रेष्ठ, सुनील कुमार, थमन सिंह, विपिन, धनवती, रूपल, रितु तोमर, नरेंद्र कुमार शर्मा, अमित कुमार देवरा आदि उपस्थित रहे।

## नेशनल वोटर्स डे पर डीएम को मिलेगा राष्ट्रीय पुरस्कार



**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी जसजीत कौर को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 25 जनवरी 2026 को नेशनल वोटर्स डे पर राष्ट्रीय पुरस्कार राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किया जायेगा। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा समय-समय पर दिये गये निर्देशों का समयपूर्वक एवं गंभीरतापूर्वक अनुपालन कराने के लिये ये पुरस्कार ट्रेनिंग कैपेसिटि बिल्डिंग श्रेणी में बीएलओ स्तर तक बहु-स्तरीय प्रशिक्षण, निरन्तर माईक्रो प्लानिंग, बीएलओ के कार्य की दैनिक मॉनिटरिंग एवं मार्गदर्शन के लिये दिया जा रहा है। जिलाधिकारी द्वारा राजनैतिक दलों तथा विभिन्न विभागों को भी समय-समय पर प्रशिक्षण में जोड़ने का प्रयास किया गया, जिसके परिणामस्वरूप यह पुरस्कार एक टीम के रूप में कार्य करने पर प्राप्त हुआ है।

## ज्यादा शराब पीने से हो गई मौत

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** शराब के नशे में 41 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। थाना क्षेत्र के रावटी गांव के जंगल में देसी शराब की दुकान के पास वह मृत अवस्था में पड़ा मिला। बताते हैं कि कमित पुत्र राजेंद्र पप्पू निवासी अकौंधा चांदपुर को कल शाम वहां नशे की हालत में घूमते देखा गया था। सुबह सवेरे जब किसान-मजदूर कल जंगल गए तो उन्हें उसका शव खेत में पड़ा मिला। पुलिस के अनुसार मृतक के शरीर पर कोई जाहिरा चोट नहीं है। देखने से शराब का अत्यधिक सेवन करने और ठंड के कारण मृत्यु होना प्रतीत होता है।

## नेशनल गेम खेलकर लौटीं छात्राओं का स्वागत किया

**चांदपुर ( चिंगारी )।** नेशनल गेम में चेस खेलकर वापस लौटी दो छात्राओं का स्कूल पहुंचने पर स्वागत किया गया। सकतलपुर मिलक की दो छात्राएं कशिश व मिताली ने रांची में हुए 69वें नेशनल गेम में अंडर 14वर्ग में खेलते हुए जनपद का नाम रोशन किया। विद्यालय की मुख्य अध्यापिका श्वेता रानी ने बताया कि उनके स्कूल के बच्चे अन्य खेल के साथ-साथ चेस के खेल में भी रूचि ले रहे हैं। अलीगढ़ में हुई राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 9बच्चों ने भाग लेकर कीर्तिमान बनाया था।




## बसंत पंचमी पर आदर्श पब्लिक स्कूल में हुआ भव्य कार्यक्रम

**बिजनौर ( चिंगारी )।** आदर्श शिक्षा पब्लिक जू.हाई स्कूल में बसंत पंचमी के पावन पर्व पर कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती गार्गी ठाकुर ने मां सरस्वती के चित्र के सामने पुष्प अर्पित किये व दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम में स्कूल की मेधावी छात्राओं ने सरस्वती वंदना की मनमोहक प्रस्तुति दी। स्कूल की प्रधानाचार्या गार्गी ठाकुर ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और बसंत पंचमी के बारे में बच्चों को जानकारी दी। स्कूल के समस्त स्टाफ को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं दीं, जिसमें सभी



शिक्षिकाओं पूनम शर्मा, सरिता, कुमुद, गुलिस्ता आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## 15 फरवरी को बिजनौर में होगा पेंशन क्रांति महासम्मेलन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** नहटौर में अटेवा पेंशन बचाओ मंच उत्तर प्रदेश जनपद शाखा बिजनौर की बैठक जिलाध्यक्ष उमेश कुमार राजपूत की अध्यक्षता एवं हल्दौर ब्लॉक अध्यक्ष मुजफ्फर इस्लाम के संचालन में बैठक आयोजित हुई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी ज़ोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि आगामी 15 फरवरी को इंदिरा बाल भवन बिजनौर में पेंशन क्रांति महासम्मेलन आयोजित कर टीईटी अनिवार्यता एवं एनपीएस-यूपीएस का विरोध दर्ज किया जाएगा। उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के पूर्व जिला मंत्री पंकज कटारिया जिला संप्रेक्षक दीपक कुमार एवं नहटौर ब्लॉक अध्यक्ष धर्मपाल सिंह ने कहा कि आगामी 15 फरवरी को प्रत्येक कर्मचारी महासम्मेलन में प्रतिभाग कर सरकार से पुरानी पेंशन बहाली की मांग करेगा। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक मंत्री हेमराज सिंह गौतम व अटेवा जिला महामंत्री सुभाष चंद्र



ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली के संघर्ष में शिक्षक एवं कर्मचारी लामबंद हैं। बैठक में अटेवा जिला मंत्री जितेंद्र कुमार जिला प्रवक्ता एवं विद्युत प्रावैधिक कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष लोकेन्द्र चौधरी, सहकोषाध्यक्ष नौसिंह, डॉ. रामकुमार, आफताब अली, संजीव कुमार, सोनू ठाकुर, अशोक कुमार, अजीत सिंह, सुरेंद्र सिंह, पुष्पेंद्र कुमार, गुड्डू सिंह, गौतम यादव, नरेश कुमार रवि, राजीव कुमार, ओमप्रकाश सिंह, चंद्रशेखर, चंद्रपाल सिंह, शूरवीर सिंह, हृदेश कुमार, सूरजमल, महेंद्र सिंह, रोहताश कुमार, नाहर सिंह, सतपाल सिंह, मनोज कुमार, देवेंद्र कुमार, योगेंद्र पाल आदि ने संबोधित किया।

# मरने के बाद पांच लोगों को नया जीवन दे गये रघु पासवान

## मरकर भी अमर होने की अनूठी मिसाल

राजेश शर्मा

ऋषिकेश ( चिंगारी )। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स में यह मरकर भी अमर होने की अनूठी मिसाल है। ऋषिकेश का 42 वर्षीय रघु पासवान भले ही अब इस दुनिया में नहीं रहा, लेकिन दान किए गए उनके अंगों से 5 अन्य लोगों का जीवन वापिस लौट आयेगा। ब्रेन डेड हो चुके इस व्यक्ति के केडवरिक ऑर्गन डोनेशन की यह प्रक्रिया एम्स ऋषिकेश में शुक्रवार को संपन्न हुई, जो पूर्ण तौर से सफल रही। यह दूसरा अवसर है जब एम्स ने ऑर्गन डोनेशन की इस प्रक्रिया को अंजाम तक पंहुचाया है।

मूल रूप से बिहार का रहने वाला रघु पासवान राजमिस्त्री था। हाल ही में कुछ दिन पहले हुई एक दुर्घटना के दौरान उन्हें गंभीर चोटें आ गयीं। स्थिति नाजुक होने पर उन्हें अगले दिन एम्स में भर्ती कराया गया, लेकिन इससे पहले कि ट्रॉमा सर्जन सर्जरी की तैयारी करते, रघुवीर की स्थिति पल दर पल बिगड़ती चली गयी और वह नॉन रिवर्सिबल कोमा में चले गए। संस्थान के न्यूरो सर्जरी विभागाध्यक्ष प्रो. रजनीश अरोड़ा ने बताया कि लाख प्रयासों के बावजूद जब वह कोमा से वापिस नहीं आए तो विभिन्न जांचों के उपरान्त इलाज कर रहे विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमेटी द्वारा उन्हें बीते रोज ब्रेन डेड घोषित कर दिया गया। इस पर संस्थान की कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह के सुपरविजन में चिकित्सकों की एक टीम ने रघु पासवान के परिवार वालों से संपर्क कर उन्हें अंगदान के प्रति प्रेरित किया। साथ ही ऋषिकेश मेयर शम्भू पासवान ने भी इस मामले में सक्रिय भूमिका निभायी और व्यक्तिगत रूचि लेकर अंगदान के प्रति परिजनों की काउंसिलिंग की। बाद में परिवार वालों के राजी होने पर ब्रेन डेड इस व्यक्ति के अंगदान का फैसला लिया गया। प्रक्रिया के बाद रघु पासवान के अंगदान से अब न केवल 5 लोगों की जिन्दगी वापिस लौट आयेगी, बल्कि दृष्टि खो चुके 2 अन्य लोग भी अब रघु पासवान द्वारा किए गए नेत्रदान से जीवन का उजियारा देख सकेंगे।

एम्स के प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. भारत भूषण भारद्वाज ने बताया




कि ब्रेन डेड युवक के अंगदान का यह फैसला कई लोगों का जीवन लौटाने के काम आया है। डॉक्टरों के मुताबिक रघु पासवान के अंगदान से 3 अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती 5 लोगों को नया जीवन मिल सकेगा। इनमें पीजीआई चण्डीगढ़ में भर्ती 3 अलग-अलग व्यक्तियों को किडनी, लीवर और पेन्क्रियाज, एम्स दिल्ली में भर्ती रोगी को रघु पासवान की दूसरी किडनी और आर्मी हॉस्पिटल आर.आर दिल्ली में भर्ती एक रोगी को हार्ट प्रत्यारोपित किया जाना है। उन्होंने बताया कि रघु पासवान ने अपनी दोनों आंखें भी दान की हैं। निकाली गयी दोनों कॉर्निया को एम्स के आई बैंक में सुरक्षित रखवा दिया गया है। जिन्हें शीघ्र ही जरूरतमंदों की आंखों में प्रत्यारोपित कर दिया जायेगा।

### ग्रीन कोरिडोर के लिए ली 9 जनपदों की पुलिस की मदद

डॉ. भारत भूषण भारद्वाज ने बताया कि विभिन्न अंगों को निर्धारित समय के भीतर गंतव्य तक पंहुचाने के लिए उत्तराखंड, यूपी और दिल्ली के 9 जिलों की पुलिस से ग्रीन कोरीडोर बनाने के लिए मदद ली गयी। ताकि सभी अंगों की निश्चित समय के भीतर सम्बंधित अस्पतालों तक पंहुचाया जा सके। इसमें एम्स ऋषिकेश से जौलीग्रांट एयरपोर्ट, ऋषिकेश से दिल्ली और चण्डीगढ़ स्थित अस्पताल तक का रूट शामिल था। अपरान्ह समय अस्पताल प्रशासन द्वारा सम्मान के साथ रघुवीर की देह एम्स ऋषिकेश से गन्तव्य स्थान के लिए भिजवायी गयी।

### इन डॉक्टरों की रही विशेष भूमिका

इस प्रक्रिया में एम्स के न्यूरो सर्जन डॉ. रजनीश अरोड़ा के अलावा डॉ. संजय अग्रवाल, डॉ. रोहित गुप्ता, डॉ. अंकुर मित्तल, डॉ. करमवीर, डॉ. नीति गुप्ता, डॉ. मोहित धींगरा, डॉ. लोकेश अरोड़ा, डॉ. आशीष भूते, डॉ. आनन्द नागर आदि विशेषज्ञ शामिल थे। संस्थान में अंग प्रत्यारोपण इकाई के समन्वयक देशराज सोलंकी व डीएनएस जीनू जैकब की टीम का सहयोग रहा, जबकि संस्थान के पीआरओ डॉ. श्रीलोय मोहन्ती और डीएमएस डॉ. रविकुमार आदि ने राष्ट्रीय अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन नोटो और संबन्धित जिला प्रशासन व अस्पतालों सहित विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर पूरी प्रक्रिया में विशेष भूमिका निभायी।

### यह दूसरा मामला है..

एम्स ऋषिकेश में केडवरिक ऑर्गन डोनेशन का यह दूसरा मामला है। इससे पहले 2 अगस्त 2024 को हरियाणा के रहने वाले एक 25 वर्षीय कांवड़िये के अंगदान की प्रक्रिया भी इसी संस्थान में सकुशल संपन्न हुई थी। रघु पासवान भले ही अब दुनिया में नहीं है, लेकिन वह अनेक लोगों को जीवन दान दे गए हैं। वह मरकर भी अमर हैं। अंगदान महादान है। हमें चाहिए कि हम समाज में भी लोगों को अंगदान के प्रति जागरूक करें। इस प्रक्रिया में शामिल डॉक्टरों की टीम का कार्य प्रशंसनीय है।

**-प्रो. मीनू सिंह, कार्यकारी निदेशक, एम्स ऋषिकेश**

# टीएमयू संग अपने रिश्तों को और सुगंधित कर गए सुखविन्दर



मुरादाबाद ( चिंगारी )। जाने-माने पंजाबी सिंगर श्री सुखविंदर सिंह तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी परिवार के संग अपने प्रगाढ़ रिश्तों को और सुगंधित कर गए। उदीषा चौपाल साहित्योत्सव-2026 में शिरकत करने मुरादाबाद आए श्री सुखविंदर अपनी चहेती तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी आना नहीं भूले। चल छैया-छैया.....और जय हो... सरीखे मशहूर गानों के पार्शव गायक श्री सुखविंदर का कुलाधिपति श्री सुरेश जैन और जीवीसी श्री मनीष जैन ने अपने आवास- संवृद्धि में मंगल आगमन पर बुके देकर गर्मजोशी से स्वागत किया।

इस मौके पर फर्स्ट लेडी श्रीमती वीना जैन, श्रीमती ऋचा जैन, एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन, सुश्री नंदिनी जैन आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। पर्यावरण प्रेमी श्री सुखविंदर कुलाधिपति आवास- संवृद्धि में खिले गेंदों के फूल देखकर गदगद हो गए। श्री सुखविंदर मानते हैं, टीएमयू इन्नोवेटिव विज़न, डायनामिक लीडरशिप, पर्यावरण, स्टार्ट अप्स, क्रिएटिविटी, रिसर्च के प्रति बेहद संजीदा है। साथ ही जैन परिवार ऊर्जावान है। जिंदादिल है। अभिनंदन के योग्य है। उल्लेखनीय है, टीएमयू परिवार का पंजाबी सिंगर श्री सुखविंदर से बरसों पुराना आत्मीय रिश्ता है। दीक्षांत समारोह के रॉक ऑन से लेकर कल्चरल नाइट्स में अपनी जादुई आवाज से महफिल लूट चुके हैं।

उल्लेखनीय है, टीएमयू को अपना ही परिवार एवम् कुलाधिपति श्री सुरेश जैन को अज़ीम शख्सियत मानने वाले श्री सुखविंदर का यूनिवर्सिटी के संग बरसों से दिली लगाव है। कोविड काल के दौरान 2020 में एक अविस्मरणीय वीडियो जारी करके टीएमयू से अपने अंतरंग रिश्तों को सार्वजनिक कर चुके हैं। टीएमयू हॉस्पिटल को तीर्थ की संज्ञा देते हैं। कह चुके हैं, टीएमयू हॉस्पिटल जैन परिवार के लिए धन कमाने की अपेक्षा जनसेवा का जरिया है।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# रात को थाने में न रुकने पर थानाध्यक्ष लाइन हाजिर

## कामेन्द्र तोमर ने की थी डीआईजी से शिकायत

नांगल सोती ( चिंगारी )। रात को थाने में न रुकना नांगल थानाध्यक्ष को भारी पड़ गया। एक पूर्व ग्राम प्रधान द्वारा डीआईजी से की गई शिकायत पर थानाध्यक्ष को लाइन हाजिर कर दिया गया है, जबकि दो अन्य पुलिसकर्मियों पर भी कार्यवाही की तलवार लटकी है।

क्षेत्र की ग्राम पंचायत तिसोतरा के पूर्व ग्राम प्रधान एवं ग्राम प्रधान कामेन्द्र तोमर ने पिछले दिनों नांगल थानाध्यक्ष पवन कुमार की डीआईजी मुनिराज जी से शिकायत की थी कि थानाध्यक्ष की जब से नांगल में तैनाती हुई है, तब से 11 जनवरी तक वे रात को थाने में नहीं रुके हैं। 23 दिसम्बर को पवन कुमार को नांगल थाने की कमान सौंपी गई थी। थाने में बताकर वे रात को बिजनौर आवास पर चले जाते हैं। साथ ही उन्होंने एक मुख्य आरक्षी तथा एक आरक्षी की भी शिकायत की थी। इन पर थाने को अपने हिसाब से चलाने तथा अवैध खनन में संलिप्त होने के आरोप थे। डीआईजी ने शिकायत की जांच एसपी (ग्रामीण) मुरादाबाद को सौंपी थी।

थानाध्यक्ष व सम्बन्धित पुलिसकर्मी तीन दिन पूर्व मुरादाबाद में अपने बयान दर्ज कराकर आये थे। जबकि शिकायतकर्ता कामेन्द्र तोमर ने कल मुरादाबाद जाकर अपने बयान दर्ज कराये थे। जांच रिपोर्ट के आधार पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने गत रात्रि थानाध्यक्ष पवन कुमार को लाइन हाजिर कर दिया है। जबकि मुख्य आरक्षी तथा आरक्षी पर भी कार्यवाही की तलवार लटकी हुई है।

### अमर सिंह राठौर बने थानाध्यक्ष

**पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने थानाध्यक्ष पवन कुमार को लाइन हाजिर कर नांगल थाने की कमान कोतवाली शहर के एसएसआई अमर सिंह राठौर को सौंपी है। पवन कुमार से पहले थानाध्यक्ष रहे सतेन्द्र मलिक एक भीषण दुर्घटना का कारण बने मिट्टी से भरे डम्पर को खाली डम्पर से बदलने के मामले में सस्पेंड हो गये थे।**

# के.एस. चिल्ड्रंस अकेडमी में हर्षोल्लास से मनाई गई बसंत पंचमी



**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** के.एस.चिल्ड्रंस अकेडमी में बसंत पंचमी का पर्व हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ज्ञान, विद्या और कला की देवी मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत कविता-पाठ, भाषण, गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किए गये। विद्यालय के प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह ने अपने संबोधन में बसंत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को ज्ञान, संस्कार और अनुशासन के मार्ग पर चलने के लिये प्रेरित किया। हिंदी अध्यापिका चंचल त्यागी ने बसंत पंचमी पर्व को क्यों मनाया जाता है, इस पर विस्तृत रूप से सभी को अवगत कराया। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ। पूरा वातावरण ज्ञान, उमंग और सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण रहा। कार्यक्रम का संचालन मानसी अग्रवाल के द्वारा किया गया

# अध्यक्ष बने संजय कुमार, स्वागत हुआ ज़ोरदार



रविदास सभा के नवनियुक्त अध्यक्ष का स्वागत करते भाजपा नेता रोहित रवि

**नगीना ( चिंगारी )।** पूर्व विधायक सतीश गौतम के आवास पर हुए स्वागत कार्यक्रम में रविदास सभा नगीना के नवनियुक्त अध्यक्ष संजय कुमार का स्वागत किया गया। पूर्व विधायक सतीश गौतम ने माला पहनाकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर रविदास जयंती के अवसर पर नगर में निकलने वाली शोभायात्रा की सफलता के लिए रूपरेखा बनाई गई। इस मौके पर भाजपा के प्रांतीय पार्षद रोहित कुमार रवि, अध्यक्ष अंबेडकर स्मारक सुगमचंद, राजकुमार सिंह, एडवोकेट रविकांत, दीपक कुमार, देव सिंह, अमन कुमार, विकास सिंह, बाबूराम आदि मौजूद रहे।

# मंदिर में हुई भजन संध्या



**नगीना ( चिंगारी )।** श्री माता शीतला भवानी मन्दिर के पुनर्निर्माण के दो वर्ष पूरे होने पर मंदिर में भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन संध्या में कलाकारों द्वारा प्रस्तुत भजनों पर श्रद्धालु जमकर झूमे। नगीना-धामपुर मार्ग पर गोयल पब्लिक स्कूल के पास स्थित श्री माता शीतला भवानी मंदिर में हुई भजन संध्या कार्यक्रम में कलाकारों ने सुंदर-सुंदर भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। भजन संध्या में आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर राजवीर सिंह, सुशील गुप्ता,डॉ. अंजु बिश्नोई, जूही बिश्नोई, स्वाति गुप्ता, दीपा गुप्ता, रंजना गर्ग, रूपा थापन, दिवाकर, हर्षित, अरुण बिश्नोई, गीता सिंह, डॉ. अंशु चौधरी, दीप्ति बिश्नोई, पुष्पा चौहान आदि मौजूद रहे।


# पीएम मोदी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा

## 25 लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया



**बिजनौर ( चिंगारी )।** बिजनौर नगर पालिका परिषद स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर हॉल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया। तिरुवनंतपुरम से आयोजित इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत एक लाख लाभार्थियों को क्रेडिट कार्ड वितरण की शुरुआत की। सजीव प्रसारण के पश्चात पालिका अध्यक्ष इंदिरा सिंह ने पीएम स्वनिधि योजना के 25 लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना का लाभ पाकर स्ट्रीट वेंडर्स अब उत्साह, सम्मान और स्वाभिमान के साथ अपना जीवन यापन कर सकेंगे। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि जब हमारे शहर के लाभार्थी आर्थिक रूप से सशक्त होंगे, तभी बिजनौर विकसित होगा। नगर पालिका कैंपस में आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन अधिशासी अधिकारी विकास कुमार ने किया। कार्यक्रम में पालिका प्रशासन के स्टाफ के साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. बीरबल सिंह, कर अधीक्षक नरेंद्र पाल सिंह, सुंदर लाल, ऋ षिपाल, सफाई निरीक्षक गोविंद चौधरी और जलकल अभियंता गौरव शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# गांधी चौक पर 11 बजे होगा सामूहिक राष्ट्रगान



प्रमोद चौहान

**नगीना ( चिंगारी )।** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रात: 11 बजे स्थानीय गांधी चौक पर सामूहिक राष्ट्रगान का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी समर्पण सेवा संस्थान के अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान ने दी। उन्होंने आगे जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस के अवसर पर सामूहिक राष्ट्रगान का आयोजन गांधी मूर्ति, झंडा चौक पर किया जाएगा, जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों सहित विभिन्न विद्यालयों की छात्र-छात्राएं, नागरिक व नगर के गणमान्य लोग शामिल रहेंगे। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाली 7 प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया जायेगा। यहां यह बताते चले झंडा चौक पर गत 5 वर्ष पूर्व 102 फीट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज लगा था, तभी से समर्पण सेवा संस्थान के अध्यक्ष व भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान की पहल पर हर वर्ष 15 अगस्त व 26 जनवरी को यहां सामूहिक राष्ट्रगान का आयोजन किया जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होते हैं। इस कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं को भी सम्मिलित किया जाता है।

# एआरटीओ ने अभियान चलाया, सड़क किनारे खड़े वाहनों को हटवाया



**बिजनौर ( चिंगारी )।** जनपद में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने एवं सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से परिवहन विभाग द्वारा विशेष चैकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान गौरीशंकर ठाकुर, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) तथा मुन्नालाल, यात्रीकर अधिकारी, बिजनौर के नेतृत्व में जनपद के विभिन्न प्रमुख मार्गों पर संचालित किया गया।

अभियान के दौरान सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े 27 वाहनों को चिन्हित कर तत्काल हटवाया गया। अधिकारियों ने बताया कि सड़क किनारे खड़े अवैध वाहन यातायात बाधित करने के साथ-साथ दुर्घटनाओं का कारण भी बनते हैं। चैकिंग के दौरान वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने, वाहन निर्धारित स्थानों पर ही खड़ा करने एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया कि इस प्रकार के अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे, ताकि आमजन को सुरक्षित, सुगम एवं व्यवस्थित यातायात सुविधा प्रदान की जा सके।

# नदियों में गिरने वाले नालों को चिन्हित कर सफाई कराये जाने के निर्देश

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अर्बन रीवर मैनेजमेंट प्लान बिजनौर की मल्टीस्टेक होल्डर वर्किंग ग्रुप की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि अर्बन रीवर मैनेजमेंट प्लान का उद्देश्य शहरों में नदियों को पुनर्जीवित करना और उन्हें शहरी विकास के केंद्र में लाना। उन्होंने निर्देशित किया कि नदी में गिरने वाले नालों को चिन्हित कर उन्हें टैप करना और एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) की क्षमता बढ़ाना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने नदी के जलग्रहण क्षेत्र में हो रहे अवैध निर्माण को हटाने और सीमांकन करने के सख़्त निर्देश दिए गए। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि शहरी नदियों में अपशिष्ट प्रवाह को पूर्ण रूप से रोका जाए, सीवेज शोधन संयंत्रों का प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया जाए तथा नदी तटों की नियमित साफ-सफाई एवं निगरानी की जाए। साथ ही अवैध अतिक्रमण हटाने एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये गये। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष इंदिरा सिंह, ईओ नगर पालिका विकास कुमार, नगर निकाय, जल निगम, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सिंचाई विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# पर्वतपुर में एकलव्य शूटिंग रेंज का लोकार्पण

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत पर्वतपुर में ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल द्वारा क्षेत्र पंचायत से बनाई गई एकलव्य क्षेत्र पंचायत शूटिंग रेंज का लोकार्पण भाजपा के जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र चौहान बॉबी, उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह , उपजिलाधिकारी (न्यायिक) कुणाल सिंह एवं ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल का कहना है कि उक्त शूटिंग रेंज आम जनता के लिये उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र में बनी पहली इनडोर शूटिंग रेंज है। अतिथियों एवं आगंतुकों द्वारा इस कार्य के लिये ब्लॉक् प्रमुख एवं खंड विकास अधिकारी की सराहना की गयी। अतिथियों ने कहा कि यदि अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि इसी तरह मिलकर जनहित में कार्य करें, तो ग्रामीणों के लिये आदर्श स्थिति का निर्माण होगा। साथ ही संविधान की मूल भावना का भी सम्मान होगा। ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रत्येक विकास खंड में खेल का मैदान होने के सपने को मूर्त रूप देने के लिये उक्त रेंज स्थापित की गई है। भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र चौहान बॉबी ने कहा कि सभी ग्रामवासियों को इस शूटिंग का ध्यान रखना है तथा अपने बच्चों का भविष्य बनाने के लिये इसका प्रयोग करना है। कार्यक्रम में बीडीओ दीपक कुमार तेवतिया, अनुज चौधरी, सुधीर चौधरी, वीरेन्द्र शर्मा सहित क्षेत्र के अनेक ग्राम प्रधान, भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ करते भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र चौहान

# शिक्षक सुरेन्द्र संह को विश्व हिंदी मंच ने किया सम्मानित



**हरेवली ( चिंगारी )।** अफजलगढ़ विकास खंड के वरिष्ठ शिक्षक सुरेंद्र सिंह को एक भव्य समारोह में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री तथा उत्तर प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष पंकज चौधरी द्वारा शिक्षा, साहित्य, संस्कृति और राष्ट्रीय मूल्यों के प्रति उनके अथक समर्पण एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। राजधानी नई दिल्ली में विश्व पुस्तक मेले के अवसर पर विश्व हिंदी मंच द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा एवं सांस्कृतिक संवर्धन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को पहचान देने की दृष्टि से आयोजित किया गया, जिसमें देश भर के दिग्गज शिक्षाविदों, विद्वानों तथा समाजसेवी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस सम्मान के माध्यम से शिक्षा के प्रति समर्पण, भारतीय संस्कृति एवं राष्ट्रीय मूल्यों के संवर्धन तथा विद्यार्थियों में राष्ट्रनिर्माण की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए सुरेंद्र सिंह के योगदान को विशेष रूप से सराहा गया। सम्मान प्राप्त करते हुए शिक्षक सुरेंद्र सिंह ने कहा कि यह सम्मान केवल उनके लिए नहीं बल्कि अफ़ज़लगढ़ व बिजनौर के समस्त शिक्षकों के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि शिक्षक का काम केवल पढ़ाना नहीं बल्कि छात्रों को एक सशक्त और जिम्मेदार नागरिक बनाने में योगदान देना है।

## नोटों की माला लेकर फरार, ठगा गया दुकानदार

**नूरपुर ( चिंगारी )।** कस्बे के मोहल्ला शहीद नगर निवासी साजिद हुसैन की बुध बाजार में सय्यदों वाली मस्जिद के गेट पर कॉस्मेटिक की दुकान है। वह अपनी दुकान पर फूलों व नोटों की माला भी बेचता है। शुक्रवार को दुकान पर बाइक से दो युवक आए और 5 हजार व 10 हज़ार की नोटों की माला खरीदी। दुकानदार ने युवकों से माला के पैसे देने के लिए कहा तो युवकों ने ऑनलाइन पेमेंट करने की बात की, जिस पर दुकानदार ने अपना क्यू आर कोड दे दिया।आरोप है कि उक्त युवक क्युआर कोड स्कैन करके फ़रार हो गए। दुकानदार ने देखा कि उसके खाते में कोई पैसा नहीं आया तो उसे अपने साथ ठगी होने का एहसास हुआ। पुलिस ने तहरीर पर अज्ञात युवकों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है।

## किसानों से प्रयागराज में होने वाले चिंतन शिविर में चलने का आव्हान

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) संगठन की एक बैठक का आयोजन पीडब्ल्यूडी डाक बंगले पर किया गया। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष नजीबाबाद चैधरी कुलबीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि संगठन का तीन दिवसीय चिंतन शिविर प्रयागराज में 27, 28 एवं 29 जनवरी को आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने संगठन के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वह निर्धारित तिथि पर प्रयागराज पहुंचकर इस चिंतन शिविर में अनिवार्य रूप से भाग लें। इस शिविर में किसानों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों, संगठन की भावी रणनीति एवं आंदोलन की दिशा पर गहन विचार-विमर्श किया जाएगा। यह चिंतन शिविर संगठन को



और अधिक मजबूत करने तथा किसानों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष चैधरी कुलबीर सिंह, विजय सिंह, पुनीत चैहान, मुनेंद्र सिंह, सफदर शेख, इफ्तिखार, पवन कुमार, रूपेंद्रसिंह, रजनीश कुमार, अतुल कुमार, अमित कुमार, अजीत सिंह, समरपाल प्रधान, बाबूराम तालान आदि उपस्थित रहे।

## अरमान हत्याकांड का दूसरा फरार आरोपी भी गिरफ्तार

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** कस्बा जलालाबाद निवासी किशोर अरमान का दूसरा हत्यारोपी गफ्फार पुत्र अब्दुल जब्बार निवासी आसरा आवास कालोनी जलालाबाद को भी थाना पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त आला कत्ल लकड़ी के टुकड़े के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दो दिन पूर्व आरोपी शमशाद पुत्र अनवार निवासी आसरा आवास कॉलोनी को गिरफ्तार कर इस हत्याकांड का खुलासा कर दिया था। दूसरा आरोपी गफ्फार इस मामले में फरार था। पुलिस ने दूसरे फरार आरोपी को भी गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया।

## बसंत पंचमी व पराक्रम दिवस उत्साह व उमंग के साथ मनाया



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** सन शाइन पब्लिक स्कूल फजलपुर तबेला में बसंत पंचमी व नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती (पराक्रम दिवस) बड़े उत्साह व उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक विनोद मित्तल व प्रधानाचार्य आलोक अग्रवाल ने नेताजी के चित्र के व माँ शारदे की प्रतिमा के सम्मुख पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया। विद्यालय में उपस्थित समस्त शिक्षक स्टॉफ व छात्र-छात्राओं ने भी माँ शारदे की वंदना कर उनसे विद्या का वरदान प्राप्त किया। साथ ही बसंत पंचमी के दिन को माँ शारदे से आशीर्वाद प्राप्त करने तथा ऋतुराज बसंत के आगमन का आगाज बताया। इस अवसर पर शिक्षकों में प्रमोद, आयुष, मनीष, नेहा सिंघल, मनु सिंघल, नीलम, निधि गुप्ता, पिंकी रानी, माधवी वर्मा, सुरभि, गुनगुन, रिया, खुशबू, हुमैरा, काशिफा, तरु, सरिता, हेमा आदि ने उपस्थित रहकर माँ शारदे का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## वालिया ग्लोबल एकेडमी में बसंत पंचमी व सुभाष जयंती मनाई गई



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** वालिया ग्लोबल एकेडमी में बसंत पंचमी एवं सुभाष चन्द्र बोस जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, शिक्षा, देशभक्ति एवं महान व्यक्तियों के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना था। समारोह का शुभारंभ विद्यालय के प्रबन्धक कमलकांत वालिया, श्रीमती इन्दु बालिया, चेयरमैन रमाकांत वालिया, श्रीमती रुचिका वालिया, अश्विन वालिया व श्रीमती जाह्नवी वालिया द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यर्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। बसंत पंचमी पर विद्यार्थियों ने वंदना प्रस्तुत की। इस पर्व को ज्ञान, विद्या व नए आरंभ का प्रतीक बताया। बच्चों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन एवं योगदान पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस दिन को हम पराक्रम दिवस के रूप में मनाते हैं। अपने प्रेरणादायी विचारों के द्वारा नेताजी के प्रति श्रद्धा व्यक्त की। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती अनिता सिवाच ने बसंत पंचमी के सांस्कृतिक महत्व व नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के आदर्शों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी।

# इं. प्रभाष चंद मित्तल का निधन

चांदपुर ( चिंगारी )। हिन्दू इंटर कालेज चांदपुर प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष इं. प्रभाषचन्द मित्तल का गत रात्रि निधन हो गया। उनकी आयु लगभग 77 वर्ष थी। वे पिछले कुछ माह से अस्वस्थ चल रहे थे। हिन्दू इंटर कालेज, वैदिक कन्या इंटर कालेज व शकुंतला कन्या इंटर कालेज में शोक स्वरूप अवकाश कर दिया गया।



स्व. प्रभाष चंद मित्तल फाइल फोटो

इं. प्रभाषचन्द मित्तल के निधन की खबर सुनकर उनके ढाली बाजार स्थित आवास पर शोक व्यक्त करने वालों का तांता लग गया। इं. प्रभाषचन्द मित्तल ने सामाजिक कार्यों के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य किया। वे अपने पीछे भरे पूरे परिवार को छोड़ गये हैं। आज दोपहर नगर स्थित श्मशान में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। अंतिम यात्रा में सैकड़ों लोग शामिल रहे। इं. प्रभाषचन्द मित्तल हिन्दू इंटर कालेज व वैदिक कन्या इंटर कालेज के प्रबंधक रहे। इनके अलावा वे कई अन्य शिक्षण संस्थाओं से जुड़े हुए थे। इं. प्रभाषचन्द मित्तल नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डा. के. सी. मित्तल के बड़े भाई थे। विद्यालय के प्रबंधक इं. अरविन्द कुमार मित्तल, प्रधानाचार्य रविन्द्र कुमार शर्मा, शिक्षक नेता सुरेन्द्र मलिक, गोविन्द मित्तल, डा. सत्येन्द्र कुमार शर्मा, डा. एमपी सिंह, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य विनेश त्यागी,अमित गोयल, अरविन्द कुमार बैंकर्स, अनिल कुमार तेल वाले, अशोक कुमार नेताजी, डा. अरविन्द भारद्वाज, विनोद बंसल, कृष्णौतार बैंकर्स आदि ने इं. प्रभाषचन्द मित्तल के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। चिंगारी परिवार की ओर से हार्दिक शोक संवेदना।

# नेता जी और बाल ठाकरे को भारत रत्न देने की मांग



तहसीलदार को ज्ञापन देते शिवसेना नेता

चांदपुर ( चिंगारी )। शिवसेना कार्यकर्ताओं ने नेताजी सुभाषचन्द्र बोस व बाबा साहेब बाल ठाकरे की जयंती पर उनको याद करते हुए उनके आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया। बाद में शिवसेना कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन देकर नेताजी सुभाषचन्द्र बोस व बाबा साहेब बाल ठाकरे को मरणोपरांत भारत रत्न दिये जाने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में शिवसेना के उपराज्य प्रमुख पं. नरेश कुमार शर्मा, जिला प्रमुख चौ. वीर सिंह, आईटी सेना प्रदेश प्रभारी ऋतुल शर्मा, विजय मोहन गुप्ता, युवा जिला प्रमुख, मुकेश लंबा उपजिला प्रमुख, शोभित गुर्जर, डॉ. दिनेश कुमार, विवेक पाल, शशि कुमार, संजय चौहान, अंतरिक्ष कौशिक, मनीष सैनी, मोहित कुमार, पवन सैनी, कार्तिक, नीरज सैनी, बिट्टू सैनी, पुष्पेंद्र, राजीव अहलावत, पुलकित त्यागी, विकास चौधरी, राहुल त्यागी, भूपेंद्र, लव कुश, सनी,अमित कुमार आदि रहे।

## अशोक चौधरी ने ज़रूरतमंदों को बांटे कम्बल



चांदपुर ( चिंगारी )। राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश महासचिव अशोक चौधरी ने गरीब व जरूरतमंद लोगों को कम्बलों का वितरण किया। ग्राम कौशल्या में आयोजित कार्यक्रम में अशोक चौधरी ने कहा कि समाज के कमजोर वर्ग की सेवा करना उनका नैतिक एवं सामाजिक दायित्व है। कार्यक्रम में रालोद के जिला महासचिव डा. विपिन तोमर, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शीशपाल राठी, युवा विधानसभा अध्यक्ष रवि गांधी, क्षेत्रीय महासचिव योगेंद्र प्रधान, नगर अध्यक्ष मुंजरीम अहमद, अकरम उस्मानी, डॉ. आलामगीर, महेश प्रधान, पूर्व जिला महासचिव चौधरी गजेन्द्र सिंह, कलवा सिंह गुर्जर, मा. रमेशचन्द्र शर्मा, निमित चौधरी, राजीव चौधरी, मा. जयवीर सिंह, अजयदीप सिंह, गजराज सिंह, देशराज सिंह, नरेश नेताजी, सदाकत अली, विरेंद्र सिंह, ऋषि सिंह, कुलदीप सिंह, अनिल कुमार आदि रहे।

## कॉलोनी में रखा गया बसंत



नगीना ( चिंगारी )। वैष्णो विहार कॉलोनी में बसंत पंचमी के उपलक्ष में वसंत रखा गया। कॉलोनी के अध्यक्ष रामअवतार विश्नोई ने बताया कि कॉलोनी में जिस स्थान पर होली उत्सव का आयोजन होता है, वहीं बसंत रखा गया है। मोहल्ले के लोगों ने इस मौके पर पूजा-अर्चना भी की। इस मौके पर तहसील प्रचारक नरेश कुमार, सचिन रुहेला, दीपक अग्रवाल, विपिन बिश्नोई एडवोकेट, नैतिक रुहेला, नवीन माहेश्वरी आदि उपस्थित रहे।

## नेता जी सुभाषचन्द्र बोस की जयंती मनायी



चांदपुर ( चिंगारी )। मुस्लिम फंड बसी किरतपुर द्वारा संचालित क्रिसेंट स्कूल ऑफ एक्सीलेंस बास्टा रोड चांदपुर में महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर उनके आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य नदीम बख्त ने कहा कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस का जीवन साहस, त्याग और राष्ट्रप्रेम का प्रतीक है। वहीं विद्यालय के शैक्षणिक इंचार्ज शहज़ाद खान ने कहा कि नेताजी ने आज़ादी के लिए जो संघर्ष किया, वह हमें अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व की भावना सिखाता है।

# रेस्क्यू सेंटर में रखे गये बाघ और गुलदार होंगे अब तनावमुक्त

अफजलगढ़ ( चिंगारी )। कॉर्बेट नेशनल पार्क के ढेला रेस्क्यू सेंटर में रखे गए बाघों और गुलदारों की दिनचर्या को बेहतर और तनावमुक्त बनाने के लिए कॉर्बेट प्रशासन बेहतर एनरिचमेंट ( समृद्धिकरण/गुणवत्ता में वृद्धि ) की तैयारी कर रहा है। इस पहल का उद्देश्य रेस्क्यू सेंटर में रह रहे वन्यजीवों को सक्रिय रखना और उनके प्राकृतिक व्यवहार को बनाए रखना है। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी डॉक्टर दुष्यंत शर्मा ने बताया कि वर्तमान में ढेला रेस्क्यू सेंटर में 13 बाघ और 14 गुलदार रखे गए हैं, जिन्हें अधिकतर इंसानों पर हमले की घटनाओं के बाद जंगल से पकड़कर यहां लाया गया था। सीमित दायरे वाले बाड़ों में रहने के कारण इन वन्यजीवों की शारीरिक गतिविधियां कम हो जाती हैं और मानसिक तनाव बढ़ने की आशंका रहती है। इसी को ध्यान में रखते हुए कॉर्बेट प्रशासन ने उनकी जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए बेहतर एनरिचमेंट का निर्णय लिया है। इसके तहत बाड़ों में मांस के टुकड़े ऊंचाई पर लटकाए जाएंगे, जिससे बाघ और गुलदार अपनी ताकत और फुर्ती का उपयोग कर सकें। भोजन को डिब्बों में बंद कर उनकी सूंघने की क्षमता को भी सक्रिय किया जाएगा। साथ ही लकड़ी और रस्सियों से बने पुल, गुफानुमा संरचनाएं तथा खेलने के लिए गेंद जैसी वस्तुएं भी रखी जाएंगी। इन गतिविधियों से वन्यजीवों में खेल भावना विकसित होगी और वे लंबे समय तक सक्रिय बने रहेंगे। उन्होंने बताया की रेस्क्यू सेंटर के भीतर वाटर होल पहले से ही मौजूद है।

# हर्षोल्लास से मनाया बंसत पंचमी उत्सव




सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं।



अभिभावकों का पूजन करते बच्चे।

अफजलगढ़ ( चिंगारी )। यहां स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में बसंत पंचमी का उत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित यज्ञ को त्रिलोचन सिंह ने पूर्ण विधि विधान से संपन्न कराया, जिसकी यजमानी विद्यालय के व्यवस्थापक बलराम सिंह एवं कोषाध्यक्ष योगराज सिंह ने की। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राएं प्रिया, राधिका, सोनाक्षी, सुहानी, दीक्षा आदि ने आयो रे शुभ दिन आयो जीत की प्रस्तुति कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रांगण में मातृ-पितृ पूजन का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें कमल कुमार, श्रीमती स्वाति, रामगोपाल सिंह, कर्मवीर सिंह, मनोज कुमार, राहुल कुमार, श्रीमती हेमलता देवी, सर्वेश कुमार, श्रीमती गीता देवी, नन्हे सिंह सहित आदि अभिभावकगण उपस्थित रहे। भैया-बहनों ने अपने माता-पिता की आरती उतारी और उनका वंदन किया तथा माता-पिता ने अपने बालक-बालिका के लिए लंबी उम्र की कामना की। वहीं ओमकार सिंह द्वारा सुभाषचंद्र बोस का जीवन परिचय प्रस्तुत कर उनके द्वारा किए गए भारतीय स्वतंत्रता के लिए प्रयासों से अवगत कराया गया। प्रधानाचार्य प्रकाश वीर आर्य ने वीर हकीकत राय द्वारा अपने धर्म की रक्षा हेतु प्राणों की आहुति देने वाले बालक के बलिदान एवं धर्म निष्ठा से अवगत कराया। कार्यक्रम में उरेश कुमार, खुशीराम सिंह, राजीव कुमार गुप्ता, कल्याण सिंह, आनंद भूषण यादव आदि की सहभागिता रही।

# पति सहित सात के विरूद्ध दर्ज करायी एफआईआर

**नहटौर (चिंगारी)।** अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल देने पर पुलिस ने पति सहित सात ससुरालियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पीड़िता की डेढ़ वर्ष पूर्व शादी हुई थी।थाना हीमपुर दीपा के ग्राम मारूफपुर निवासी श्वेता देवी ने आरोप लगाया कि उसकी शादी करीब डेढ़ वर्ष पूर्व नहटौर के नसीरपुर बुजुर्ग निवासी शोले कुमार पुत्र तिलकराम सिंह के साथ हुई थी। श्वेता का आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही ससुराल पक्ष के लोग दिए गए दहेज से असंतुष्ट हो गए। उनके पति शोले, जेठ भोले, सास रूपा, जेठानी स्वाति, ससुर तिलकराम और ननद-ननदोई (पूनम व आशु) उन पर एक कार या 10 लाख रुपये नकद लाने का दबाव बनाने लगे। पीड़िता के अनुसार, मांग पूरी न करने पर उन्हें लगातार शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा। आरोप है कि लगभग छह माह पूर्व ससुराल वालों ने मिलकर श्वेता के साथ गाली-गलौच और मारपीट की। इसके बाद उन्हें बिना किसी सामान, जैसे जेवर, कपड़े और नकदी के, घर से बाहर निकाल दिया गया। थानाध्यक्ष धीरज नागर ने बताया कि पीड़िता की शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

# तीन पलटे खाकर बोलेरो पेड़ से टकराई गनीमत रही किसी के चोट नहीं आई


सड़क किनारे गड्ढे में खड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त बोलेरो

**नांगल सोती (चिंगारी)।** नांगल - मंडावली मार्ग पर ग्राम सैदपुरी के पास एक बोलेरो फिसलकर सड़क के किनारे पलट गई। बोलेरो ने तीन पलटे खाये, खजूर के पेड़ से भी टकराई, मगर किसी सवार को गंभीर चोट नहीं आई। बोलेरो बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। मंडावली थानांतर्गत ग्राम मुस्सेपुर निवासी योगेश कुमार अपनी बोलेरो गाड़ी रजिस्ट्रेशन संख्या यूपी 20 सीवी-3272 से शुक्रवार की शाम मंडावर से अपने घर जा रहे थे। शाम लगभग 6 बजे बोलेरो जब नांगल-मंडावली मार्ग पर ग्राम सैदपुरी के समीप पटाखा फैक्ट्री के सामने पहुंची, तो फिसलकर सड़क के किनारे पलट गई। योगेश ने बताया कि गाड़ी वही चला रहा था। सड़क पर पड़ी मैली पर बारिश के कारण बोलेरो फिसल गई। बोलेरो ने सड़क के किनारे गड्ढे में तीन पलटे खाये। बोलेरो गड्ढे में सामाजिक वानिकी द्वारा लगाये गये दो ट्री-गार्ड तथा खजूर के एक पेड़ से भी टकराई, मगर किसी गाड़ी सवार को गंभीर चोट नहीं लगी। बोलेरो पलटकर और पेड़ से टकराकर खुद सीधी भी हो गयी। चालक योगेश व आयुष को गुम चोटें आईं, जबकि पुनित व नागेन्द्र को खुली चोटें लगीं। गाड़ी में सवार बालक अक्षित (12 वर्ष) को कोई चोट नहीं लगी। योगेश ने बताया कि किसी को गंभीर चोट नहीं लगी है। बोलेरो सवार सभी व्यक्ति एक ही परिवार के थे। वे अपनी बहिन का रिश्ता तय करने गये थे। उधर बोलेरो बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी।

# पराक्रम दिवस पर हंगामा लोक समिति ने अपने पदाधिकारियों को सम्मानित किया



**धामपुर (चिंगारी)।** नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस पर हंगामा लोक सामाजिक,साहित्य समिति के संरक्षक डॉ जितेन्द्र कौशिक , संस्थापिका राखी कौशिक उपासना कौशिक द्वारा संस्था के संरक्षक निखिल छाबड़ा, सचिव सुमित माहेश्वरी, संस्था के सचिव गौरव दुआ , कानूनी सलाहकार नितिन अग्रवाल,व दीपक अग्रवाल को सम्मानपत्र भेट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नितिन अग्रवाल द्वारा मा शारदे व सुभाष चन्द्र बोस के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निखिल छाबड़ा ने की व संचालन सुमित माहेश्वरी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में निखिल छाबड़ा व दीपक अग्रवाल द्वारा सुभाष चन्द्र बोस के जीवन पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में यशी द्वारा शारदे मां के गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया गया व लक्ष्य सैनी द्वारा सौगन्ध मुझे इस मिट्टी की ये देश नहीं झुकने दूंगा, देशभक्ति गीत पर प्रस्तुति दी गयी। कार्यक्रम में समिति के सचिव गौरव दुआ द्वारा बच्चो को उपहार भेट कर सम्मानित किया गया।

# गणतंत्र दिवस पर नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित करेंगे डा. गौतम




**नूरपुर (चिंगारी)।** नीलकंठ रीजनरेट चेरिटेबल ट्रस्ट के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ.गौतम सिंह लंबरदार ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के जरूरतमंद एवं आम नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। स्वास्थ्य शिविर में सामान्य स्वास्थ्य, फेफड़ों की जांच, नसों की जांच, लीवर की जांच,हीमोग्लोबिन लेवल, उच्च रक्तचाप (बीपी)शुगर जांच, वजन व सहित अन्य आवश्यक जांच सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। शिविर में डॉ. गौतम सिंह लंबरदार द्वारा द्वारा मरीजों को परामर्श दिया जाएगा तथा आवश्यकतानुसार नि:शुल्क दवाइयों का वितरण भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना संस्था का प्रमुख उद्देश्य है। गणतंत्र दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व पर आयोजित यह शिविर सेवा और समर्पण की भावना को दर्शाता है।

# बसंत पंचमी पर हुआ हवन



**चांदपुर (चिंगारी)।** सरस्वती विद्या मंदिर चांदपुर में बसंत पंचमी के पावन अवसर पर पंच कुण्डीय हवन हुआ। इस अवसर पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती तथा वीर हकीकत राय का बलिदान दिवस भी मनाया गया। घोष वादन के साथ तीन वर्ष से छ:वर्ष के नन्हे-मुन्हे भैया-बहनों को उनकी माता जी के साथ धार्मिक ग्रन्थ सिर पर रखकर मां सरस्वती जी के मन्दिर में पूजन कराया गया। पूजन के उपरान्त वैदिक मंत्रोच्चारण से 16 संस्कारों में से महत्वपूर्ण संस्कार विद्यारम्भ संस्कार का कार्य संपन्न किया। प्रधानाचार्य नवनीत कुमार ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस व वीर हकीकत राय राय के बारे में जानकारी दी। इस कार्यक्रम में यजमान के रूप में पंकज चौहान, निखिल अग्रवाल, रोहन कौशिक, धीरज कुमार, श्रीमती उर्वशी कर्णवाल, पलक अग्रवाल आदि रहे।

# हिन्दू सुरक्षा सेवा संघ ने सुभाष जयंती पर पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया



**धामपुर (चिंगारी)।** फूलबाग कॉलोनी में टीकम सिंह फौजी के आवास पर हिंदू सुरक्षा सेवा संघ के कार्यकर्ताओं ने सुभाष चंद्र बोस की 129वीं जयंती मनाई। कार्यक्रम की शुरुआत सुभाष चंद्र बोस के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित करके राष्ट्रगान के साथ की गई। इस अवसर पर धामपुर क्षेत्र के पूर्व सैनिकों को शाल ओढ़ाकर और फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में हिंदू सुरक्षा सेवा संघ के प्रदेश संगठन महामंत्री अवधेश शर्मा , कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मृदुल सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वयोवृद्ध पूर्व सैनिक अमखेड़ा निवासी बलवंत सिंह ने की एवं संचालन टीकम सिंह फौजी ने किया। प्रदेश संगठन महा मंत्री अवधेश शर्मा ने हिंदू सुरक्षा सेवा संगठन के बारे में संपूर्ण जानकारी दी और नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी के जीवन एवं उनके पराक्रम के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि सुभाष चंद्र बोस ने अंग्रेजों से लड़ने के लिए और अपने देश को आजाद करवाने के लिए अपनी एक सेना बनाई जिसे आजाद हिंद फौज के नाम से जाना जाता है। टीकम सिंह, फौजी योगेंद्र पाल फौजी, जितेंद्र चौहान फौजी, अनिल कमांडो, दुष्यंत फौजी, देवेंद्र फौजी, अमित फौजी, महिपाल फौजी, अरविंद शर्मा फौजी, कमलेश भटनागर, रामकिशन फौजी, एवं कल्याण सिंह फौजी को सम्मान पत्र भेंट किया। कार्यक्रम में संगठन के जिला महामंत्री मनोज चौहान, जिला उपाध्यक्ष अंकुर गिरि, जिला प्रवक्ता तनुज सनातनी, जिला महामंत्री टिंकू शर्मा, अमित यादव, अनुराग शर्मा, तरुण भारद्वाज, सौरभ कुमार, आकाश शर्मा, प्रशांत यादव, शेर सिंह भगत जी आदि उपस्थित रहे।

# कण्वाश्रम को राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना पहली प्राथमिकता : खंडूडी

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार के कण्वाश्रम में देश के नामदेवा चक्रवर्ती सम्राट भरत की मूर्ति के अनावरण के साथ ही तीन दिवसीय कण्वाश्रम महोत्सव का समापन हो गया है। इस दौरान बारिश में भी लोग जागर सम्राट प्रीतम भरतवाण की प्रस्तुतियों पर झूमते नजर आये। समापन दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष रितु खडूडी ने महाराज भरत की मूर्ति का अनावरण करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री घोषणा के अंतर्गत कण्वाश्रम में महाराज भरत की मूर्ति स्थापना एवं मंच निर्माण कार्य का लोकार्पण किया गया है। लगभग 79.74 लाख की लागत से निर्मित इस परियोजना से क्षेत्र में पर्यटन को नई दिशा मिलेगी। कहा कि कण्वाश्रम को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना उनकी प्राथमिकता है और इसके लिए वे पूर्णत: संकल्पबद्ध हैं। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने लोकगायक डॉ. प्रीतम भरतवाण के गीतों का आनंद भी लिया। उन्होंने वर्षा के बावजूद बड़ी संख्या में उपस्थित क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पौराणिक मेले और उत्सव ही हमारी संस्कृति और सभ्यता के संवाहक हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं दीं और कण्वाश्रम के ऐतिहासिक एवं पौराणिक महत्व को रेखांकित किया। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने क्षेत्र के विकास के लिए कई घोषणाएं भी की। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष राजगौरव नौटियाल, प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह बिष्ट, महापौर शैलेंद्र रावत, राज्य मंत्री ऋषि कंडवाल, महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री अनीता आर्य, मंडल अध्यक्ष आशीष रावत और युवा मोर्चा अध्यक्ष शांता बमराड़ा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



कोटद्वार के कण्वाश्रम में शुक्रवार को कण्वाश्रम महोत्सव के दौरान प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष ने किया चक्रवर्ती सम्राट भरत की मूर्ति का अनावरण

## कांग्रेस ने मनाई सुभाष चंद्र बोस की जयंती

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से शुक्रवार को मालवीय उद्यान स्थित कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में आजाद हिंद फौज के संस्थापक स्व. नेता जी सुभाष चंद्र बोस की 129वीं जयंती पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके पराक्रम को याद किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि देश के स्वतंत्रता संग्राम में उनके द्वारा दिए गए योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। कहा कि यदि सुभाष चंद्र बोस जैसी महान विभूतियां न होतीं, तो देश आज भी गुलामी की जंजीरों में जकड़ा होता। आज ही के दिन 23 जनवरी 1897 को उनका जन्म ओडिशा के कटक में हुआ था। वे बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि के थे और उन्होंने कठिन मानी जाने वाली इंडियन सिविल सर्विस की परीक्षा पास की थी, लेकिन देश सेवा के लिए उन्होंने अंग्रेजों की नौकरी ठुकरा दी। उन्होंने आजाद हिंद फौज का गठन करते हुए तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा.., जैसे नारे देकर गुलाम भारत की प्रजा में जोश भरने का कार्य किया। कहा कि देश के स्वतंत्रता संग्राम में उनके द्वारा दिए गए योगदान को हमेशा याद किया जाता रहेगा। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेत्री रंजना रावत, बलबीर सिंह रावत, धर्मपाल सिंह बिष्ट, प्रदीप नेगी, मदन नेगी, चंद्रमोहन असवाल और पदमेंद्र सिंह नेगी सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

## राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता की बालिका टीम में जीजीआईसी की पांच छात्राएं चयनित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** झारखंड के रांची में 27 से 31 जनवरी तक आयोजित होने वाली 69वीं राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता के लिए उत्तराखंड की अंडर-17 बालिका वर्ग की टीम में जीजीआईसी घमंडपुर की पांच छात्राओं का चयन हुआ है। गुरूवार को जानकारी देते हुए विद्यालय की व्यायाम शिक्षिका रज्जू फुलोरिया ने बताया कि राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता के लिए उत्तराखंड की अंडर-17 बालिका वर्ग की टीम में विद्यालय की मोनिका, पीहू, अंकिता, अक्षिता एवं गुंजन का चयन हुआ है। इससे पूर्व गत 7 जनवरी को अंडर-14 बालिका वर्ग की राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता में प्राची ने उत्तराखंड की टीम का प्रतिनिधित्व किया था। वहीं अंडर-19 बालिका वर्ग में पल्लवी भी राज्य का प्रतिनिधित्व कर चुकी है। प्रधानाचार्या सुषमा दास ने छात्राओं की उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए इसका श्रेय विद्यालय की व्यायाम शिक्षिका रज्जू फुलोरिया व स्टेडियम के कोच तेजेंद्र सिंह रावत को दिया है।

## प्रेमांजलि समागम समिति का स्थापना दिवस मनाया

### अनेक गणमान्य लोगों एवं प्रतिभाओं को सम्मानित किया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** ग्राम्य एकता प्रगति प्रेमांजलि समागम समिति की ओर से संस्था का 47वां स्थापना दिवस रोहित अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर, उमरावनगर, मोटाढाक में धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए लेफ्टिनेंट कर्नल बुद्धि बल्लभ ध्यानी (से.नि.) व संस्था की सांस्कृतिक प्रभारी रेखा ध्यानी को संस्था के सर्वोच्च अलंकरण डॉ. जयप्रकाश कंडवाल स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया। गुरुवार को दोपहर बाद आयोजित स्थापना दिवस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त डीएसपी मोहनलाल ममगाईं ने किया। संस्था की अध्यक्ष नीरजा गौड़ ने गेप्स के गौरवशाली इतिहास एवं सामाजिक सरोकारों पर प्रकाश डाला। महामंत्री इंजीनियर जगत सिंह नेगी ने संस्था की वर्ष 2025-26 की प्रमुख गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया। समारोह में भारत-नेपाल चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली धाविका सृष्टि को प्रतिभा सम्मान और प्रीति को नन्हीं दुनिया, भावी राष्ट्र के समूह गान की सशक्त प्रस्तुति के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही हिम नंदन एवं हिम सुता प्रतिभा परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले आठ विद्यालयों के दस विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्त जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्साधिकारी डॉ. चंद्रमोहन बड़थ्वाल की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में दिनेश ध्यानी, आर बी कंडवाल, जनार्दन प्रसाद ध्यानी, नंदन सिंह नेगी, डॉ. रमाकांत कुकरेती, जगदीश भारद्वाज, कुलदीप सिंह नेगी, अनुराग कंडवाल, रेखा ध्यानी, सोना नेगी आदि मौजूद रहे।

## विकास नेगी ने की राहुल गांधी से मुलाकात

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** हरियाणा के कुरुक्षेत्र में कुछ दिन पूर्व आयोजित कांग्रेस संगठन सृजन कार्यक्रम के दौरान लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के देशभर से आए कांग्रेस संगठनात्मक जिलों के जिला अध्यक्षों से मुलाकात के क्रम में पौड़ी गढ़वाल के कोटद्वार जिला संगठन के जिला अध्यक्ष विकास नेगी ने भी उनसे मुलाकात की। शुक्रवार को जिलाध्यक्ष विकास नेगी ने बताया कि मुलाकात के दौरान राहुल गांधी ने सभी के साथ आत्मीयता के साथ संवाद किया। इसके बाद जिला अध्यक्षों के लिए एक विशेष सत्र आयोजित किया गया, जिसमें संगठनात्मक मजबूती, जमीनी मुद्दों, कार्यकर्ताओं की भूमिका और आगामी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बताया कि यह मुलाकात सभी जिला अध्यक्षों में नई ऊर्जा प्रदान करने वाली सिद्ध हुई है।

## गीता आश्रम में मनाई गई स्वामी शान्तानंद की 25वीं पुण्यतिथि

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** स्वर्गाश्रम स्थित गीता आश्रम में ट्रस्ट के संस्थापक एवं आश्रम के पूर्व अध्यक्ष ब्रह्मलीन योगीराज महामंडलेश्वर स्वामी शान्तानंद सरस्वती जी महाराज का 25 वां पुण्यतिथि धूमधाम से मनाई गई, जिसमें हरिद्वार ऋषिकेश महामंडलेश्वर, महंत, संत महात्मा उपस्थित हुये कार्यक्रम में प्रात: कालीन गीता पाठ हवन भजन कीर्तन आदि के पश्चात श्रद्धांजलि कार्यक्रम धाम स्वामी सर्वात्मानंद सरस्वती की अध्यक्षता में वक्ताओं ने स्वामी जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अपने-अपने विचार रखे। स्वामी सर्वात्मानंद सरस्वती ने कहा कि संतों का जीवन पर दूसरों के कल्याण के लिए होता है संत अपनी साधना से भक्तों का देश का समाज का कल्याण करते हैं। स्वामी जी को श्रद्धांजलि देते हुए। ट्रस्ट अध्यक्ष दीपक कुमार ने उन्होंने कहा ट्रस्ट के माध्यम से उनके द्वारा संकल्पित कार्यों को पूर्ण किया जा रहा है। चंद्र मित्र शुक्ला कृष्णा धार मिश्र त्रिभुवन उपाध्याय राजीव रंजन प्रधानाचार्य इंटर कॉलेज आईडीपीएल श्रीमती शकुंतला राजपूत आदि ने भी अपने विचार रखें श्रद्धांजलि अर्पित की इस अवसर श्रीमती प्रमिला शाह सुलोचना लखानी गीता चैतन्य लक्ष्मण पुंडीर भगतराम कोमल शर्मा शशि गुप्ता, पंडित उदय राम, नीरज शास्त्री, अश्विनी शर्मा, आरती शर्मा आदि उपस्थित थे कार्यक्रम के उपरांत साधु संतों का एक विशाल भंडारा कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन भानु मित्र शर्मा द्वारा किया गया।

## पराक्रम दिवस पर एसआरएचयू जॉली ग्रांट में लगाया गया रक्तदान शिविर



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** डोईवाला नेता सुभाष चंद्र बोस की जयंती (पराक्रम दिवस) के उपलक्ष्य में स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय (एसआरएचयू), जॉली ग्रांट में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान 35 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर का आयोजन इम्यूनोहेमेटोलॉजी एवं ब्लड ट्रांसफ्यूजन आईएचबीटी विभाग की ओर से हिमालयन कॉलेज ऑफ नर्सिंग के सहयोग से किया गया। शिविर का उद्देश्य नेताजी सुभाष चंद्र बोस के पराक्रम, त्याग एवं राष्ट्रसेवा के आदर्शों से प्रेरित होकर मानव सेवा की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। इस अवसर पर प्रो. डॉ. दुष्यंत सिंह गौर विभागाध्यक्ष, डॉ.यशस्वी धीमान, जनसंपर्क अधिकारी सुधीर जोशी सहित ब्लड सेंटर के तकनीकी एवं गैर-तकनीकी कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा। आयोजकों ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया। इसी के साथ डोईवाला- स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय एसआरएचयू के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज एसएमएस में बसंत पंचमी के अवसर पर विद्या की देवी मां सरस्वती का भव्य पूजन एवं हवन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान**।
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी**।
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# 26 वर्षीय महिला में Placenta Percreta का सफल प्रबंधन

## राज हॉस्पिटल में बचा जीवन



**बिजनौर ( चिंगारी )।** राज हॉस्पिटल में Placenta Percreta के जटिल प्रसूति मामले का सफलतापूर्वक प्रबंधन किया गया। मरीज (लगभग 26 वर्षीया) प्रसव के दौरान गंभीर जटिलताओं के साथ अस्पताल में भर्ती हुई थी। जाँच के दौरान पुष्टि हुई कि मरीज Placenta Percreta की स्थिति से ग्रस्त थी, डॉक्टर दिलीप ने बताया कि प्लेसेंटा प्रक्रेटा एक गंभीर स्थिति होती है जिसमें प्लेसेंटा गर्भाशय की दीवार को भेदते हुए आसपास के अंगों तक पहुँच सकता जाता है, और जिससे भारी रक्तस्राव और मातृ मृत्यु की संभावना बढ़ जाती है।

मरीज की स्थिति को देखते हुए हमने तुरंत सर्जरी की योजना बनाई गई और अनुभवी टीम द्वारा डॉ. दीपा ढाका के नेतृत्व में बहुत-घंटों की जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न हुई। ऑपरेशन के दौरान सक्रिय रक्तस्राव को नियंत्रित करते हुए मातृ और शिशु जीवन की सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई नए जन्मे बच्चे को डॉक्टर सिद्धार्थ सिंह की टीम द्वारा उपचार दिया गया  पोस्ट-ऑपरेटिव मॉनिटरिंग एवं प्रबंधन के बाद मरीज की हालत स्थिर रही तथा पूर्णत: स्वस्थ होकर मरीज को छुट्टी दे दी गई। अस्पताल प्रबंधन ने कहा कि राज हॉस्पिटल उन्नत प्रसूति एवं स्त्री और बच्चों की रोग सेवाओं के साथ उच्च जोखिम गर्भधारण एवं जटिल प्रसव मामलों में विशेष दक्षता रखता है। यह सफलता संस्था में उपलब्ध आधुनिक सुविधाओं एवं विशेषज्ञ टीम की सामूहिक कार्यक्षमता को दर्शाती है।


Ather स्पेशल ऑफर Ather

पुरानी टू व्हीलर को अलविदा कहो
नई Ather के साथ आगे बढ़ो

स्पेशल ऑफर
महालोन एंड एक्सचेंज मेला

आवश्यकता है - अनुभवी शोरूम मैनेजर व सेल्स एग्जीक्यूटिव की।




Sunday 25 Jan: 2026

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank,
Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911







हजारों साल नरगिस अपनी बेनूरी पर रोती है,
बड़ी मुश्किल से होता है चमन में दीदावर पैदा।

महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी,
पद्मविभूषण से सम्मानित
व पंजाब (अविभाजित) के पूर्व गवर्नर
हाफ़िज़ मोहम्मद इब्राहिम
की पुण्यतिथि पर उनको
शत-शत प्रणाम

हाफ़िज़ मोहम्मद इब्राहिम

हमने उस वक्त सियासत में
कदम रखा था, जब सियासत का
सिला आहनी ज़ंजीरें थीं



सुपर इलेक्ट्रॉनिक्स
सुपर मार्केट, गन्ना समिति रोड, नगीना

परवेज़ आदिल माही